***प्रेस नोट***

***जनपद-संतकबीरनगर***

***दिनाँक 30.09.2025***

- ***एक दिन की एसपी संतकबीरनगर बनी श्रेया चौधरी***
- ***एसपी संतकबीरनगर बनकर छात्रा ने की गयी जनसुनवाई, पीड़ितों को दिया न्याय का आवश्वासन***
- ***एसपी संतकबीरनगर बनी छात्रा ने जनसुनवाई के दौरान अधीनस्थों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश***

**उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं / बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत हीरालाल रामनिवास इण्टर कालेज की कक्षा 12वीं की छात्रा *श्रेया चौधरी पुत्री हृदयराम निवासी छोटी सरौली थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर* को एक दिन का पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर बनाया गया। *इस दौरान छात्रा द्वारा पुलिस कार्यालय संतकबीरनगर में जनसुनवाई की गयी तथा जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जाँच/आवश्यक कार्यवाही हेतु अधीनस्थों को आदेशित किया गया।***

**तत्पश्चात छात्राओं को मिशन शक्ति 5.0, पुलिस की कार्यप्रणाली, महिला अपराधों से सम्बंधित कानूनी प्रावधान तथा 1090, 1930 व 112 डायल सेवा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त किया। आश्वस्त किया कि महिलाएँ एवं छात्राएँ निडर होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं और पुलिस सदैव उनकी सुरक्षा हेतु तत्पर है। *ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राओं/बालिकाओं में अपने जीवन में ऊंची उड़ान भरने के लिए सकारात्मक सोच विकसित करना है, जिससे वह समाज में एक सशक्त नारी शक्ति बनकर समाज के साथ समान हिस्सेदारी से मिलकर विकसित समाज बनाती हैं।***

***सेवानिवृत्त हुए 02 पुलिस कर्मियों की क्षेत्राधिकारी पुलिस लाईन द्वारा “पुलिस लाईन सभागार” में की गयी ससम्मान विदाई।***

आज दिनाँक 30.09.2025 को जनपद संतकबीरनगर से 02 पुलिसकर्मी अपनी सम्पूर्ण सेवा काल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर "पुलिस लाईन सभागार" में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों हेतु विदाई समारोह आयोजित किया गया। क्षेत्राधिकारी पुलिस लाईन *श्री अभयनाथ मिश्रा* द्वारा ससम्मान विदाई की गयी। इस अवसर पर सर्वप्रथम सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों से उनका परिचय प्राप्त करते हुये सेवाकाल के अनुभवों के बारे में वार्ता की गयी। विदाई समारोह में क्षेत्राधिकारी महोदय द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को माला पहनाकर, शाल व धर्मग्रन्थ आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। उनके द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के भविष्य की योजनाओं के बारे में जाना गया साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बेझिझक सम्पर्क करने की बात कही गयी। महोदय द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को उनके सुखद, आनन्दपूर्ण व उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई की गयी।

*सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों का विवरण-*

01.उ0नि0ना0पु0 श्री श्रवण कुमार पुलिस लाईन जनपद संतकबीरनगर।

02.मु0आ0चा0 श्री सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय पुलिस लाईन जनपद संतकबीरनगर।

***सीसीटीएनएस योजना की प्रगति के सम्बन्ध में माह अगस्त 2025 की रैंकिंग में जनपद संतकबीरनगर पुलिस को जोन गोरखपुर तथा रेंज बस्ती में मिला प्रथम रैंक***

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री संदीप कुमार मीना*** के मार्गदर्शन तथा अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर / सीसीटीएनएस के नोडल अधिकारी ***श्री सुशील कुमार सिंह*** के कुशल पर्यवेक्षण में सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर ***श्री अहमद रजा*** के अथक प्रयास से सीसीटीएनएस योजना प्रगति डैशबोर्ड में तकनीकी सेवाएं मुख्यालय लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा जारी सीसीटीएनएस पोर्टल के माह अगस्त 2025 की डाटा के अनुसार जनपदों की रैंकिंग में जनपद संतकबीरनगर पुलिस को जोन गोरखपुर तथा रेंज बस्ती में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

सीसीटीएनएस के परफॉर्मेंस के सम्बन्ध में डाटा प्रत्येक माह एनसीआरबी को प्रेषित की जाती है जिसे प्रगति डैशबोर्ड के नाम से जाना जाता है जिसकी मॉनीटरिंग केंद्रीय स्तर पर की जाती है। पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर महोदय द्वारा सीसीटीएनएस रैंकिग में सुधार हेतु कड़े निर्देश दिये गये हैं।

***थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा हत्या के मामले से संबंधित फरार अभियुक्तगण के विरुद्ध की गयी धारा 84 बीएनएसएस की कार्यवाही***

आज दिनांक 30.09.2025 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री संदीप कुमार मीना*** के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद **श्री पंकज कुमार पाण्डेय** के नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 137/ 2025 धारा 3(5),103(1),238,61(2) बीएनएस में फरार अभियुक्तगण नाम पता 01-ओमप्रकाश, 02- जयप्रकाश, 03- श्याम पुत्रगण स्व0 बसन्तलाल निवासीगण बैरमपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के विरुद्ध मा0 न्याया0 संतकबीरनगर के आदेश के क्रम में 84 बीएनएसएस की कार्यवाही की गयी। थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत अभियोग में अभियुक्तगण फरार चल रहे है तथा अभी तक माननीय न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए हैं, जिसपर प्रभारी निरीक्षक मय टीम द्वारा माननीय न्यायालय के आदेश के क्रम में धारा 84 बीएनएसएस के तहत उद्घोषणा की गयी तथा डुगडुगी आदि बजवाकर अभियुक्तगण के निवास स्थान पर नोटिस चस्पा कराकर मुनादी करायी गयी, कि यदि फरार अभियुक्तगण समयावधि के भीतर माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होते हैं तो, उनके विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

- ***मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा चलाया गया एण्टी रोमियो अभियान***
- ***अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा 135 स्थानों पर 1284 व्यक्तियों को किया गया चेक***
- ***50 शोहदों से माफीनामा भरवाकर हिदायत देते हुए छोड़ा गया***
- ***धारा 296 बीएनएस के तहत 01 अभियोग पंजीकृत कर 01 व्यक्ति को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय किया गया रवाना***
- ***47 शोहदों के विरुद्ध की गयी विधिक कार्यवाही***
- ***874 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया***

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं / बालिकाओं को जागरूक करने हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के क्रम में पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री संदीप कुमार मीना*** के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थानों व स्कूलों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही उनके समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया गया, साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को वूमेन पॉवर लाइन - 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन -1930 आदि कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है। **इस दौरान थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस की एण्टी रोमियो टीम द्वारा थानाक्षेत्र में 15 स्थानों पर बिना वजह घूम रहे 182 व्यक्तियों को चेक करते हुए धारा 296 बीएनएस के तहत 01 अभियोग पंजीकृत कर 01 व्यक्ति को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया व 08 शोहदों के विरुद्ध 126/135/170 BNSS की कार्यवाही की गई तथा 165 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया। थाना दुधारा पुलिस की एण्टी रोमियो टीम द्वारा थानाक्षेत्र में 12 स्थानों पर बिना वजह घूम रहे 102 व्यक्तियों को चेक किया गया तथा 96 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया। महिला थाना पुलिस की एण्टी रोमियो टीम द्वारा थानाक्षेत्र में 10 स्थानों पर बिना वजह घूम रहे 100 व्यक्तियों को चेक किया गया व 90 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया। थाना धनघटा पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र में 25 स्थानों पर बिना वजह बाहर घूम रहे 155 व्यक्तियों को चेक किया गया तथा 12 शोहदों के विरुद्ध 126/135/170 BNSS की कार्यवाही की गई व 72 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया। थाना महुली पुलिस की एण्टी रोमियो टीम द्वारा थानाक्षेत्र में 22 स्थानों पर बिना वजह घूम रहे 173 व्यक्तियों को चेक कर 02 शोहदों के विरुद्ध 126/135/170 BNSS की कार्यवाही की गई व 79 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया। थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र में 12 स्थानों पर बिना वजह घूम रहे 176 व्यक्तियों को चेक किया गया व 01 शोहदें के विरुद्ध 126/135/170 BNSS की कार्यवाही की गई तथा 123 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया। थाना बखिरा पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र में 18 स्थानों पर 145 व्यक्तियों को चेक किया गया व 07 शोहदों के विरुद्ध 126/135/170 BNSS की कार्यवाही की गई तथा 82 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया। थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र में 12 स्थानों पर 156 व्यक्तियों को चेक करते हुए 14 शोहदों के विरुद्ध 126/135/170 BNSS की कार्यवाही की गई तथा 112 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया। थाना धर्मसिंहवा पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र में 09 स्थानों पर 95 व्यक्तियों को चेक करते हुए 02 शोहदों के विरुद्ध 126/135/170 BNSS की कार्यवाही की गई तथा 55 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया।**